मुर्गी के लिए साइकिल

डेनियल बारबोट



मुर्गी के लिए साइकिल

डेनियल बारबोट

सेनोरा अमेलिया को जानवरों से बहुत प्यार था. उनके पास घर पर एक कुत्ता, एक बिल्ली का बच्चा, एक बोलने वाला तोता, एक कछुआ, जुड़वां कैनरी और रोसौरा नाम की एक सुंदर मुर्गी थी.



रोसौरा के जन्मदिन से एक महीने पहले, सेनोरा अमेलिया ने मुर्गी से पूछा, "क्या तुमने तय किया है? तुम अपने जन्मदिन के लिए क्या चाहोगी?"

"क्यों, हाँ - एक साइकिल!" रोसौरा ने कहा.

"लेकिन वो असंभव है!" सेनोरा अमेलिया ने कहा. "क्या कभी किसी ने साइकिल पर सवारी करने वाली मुर्गी के बारे में सुना है?"

"देखो," रोसौरा ने उत्तर दिया. "मैं साइकिल की सवारी करने वाली पहली मुर्गी बनना चाहती हूँ!"

सेनोरा अमेलिया अपनी मुर्गी को खुश करना चाहती थीं. "कल मैं रोसौरा के लिए साइकिल खोजने की कोशिश करूंगी," उन्होंने फैसला किया.

अगले दिन सुबह-सुबह सेनोरा अमेलिया बस लेकर शहर गयीं और उन्होंने सभी साइकिल की दुकानों को छान मारा. हरेक ने उन्हें एक ही जवाब दिया. "क्या? मुर्गी के लिए साइकिल?" या, "बिल्कुल नहीं. हमारे पास ऐसा कोई मॉडल नहीं है.

"आइए कैटलॉग पर एक नज़र डालें. क्षमा करें, सेनोरा. कोई फैक्ट्री मुर्गियों के लिए बाइक नहीं बनाती है."

उसके बाद सेनोरा अमेलिया उदास और निराश होकर घर लौट आईं.

"अगर मैंने उसे बताया कि मुझे उसके लिए कोई साइकिल नहीं मिल पाई तो रोसौरा बहुत परेशान होगी," उन्होंने सोचा.

जैसे-जैसे दिन बीतते गए, सेनोरा अमेलिया को स्थिति काफी निराशाजनक होती लगी.

फिर, एक दोपहर को एक अजीब दिखने वाला आदमी शहर में आया. वो विक्रेता गाते हुए सड़कों पर चल रहा था:

"मैं पुरानी घड़ियों और खिलौनों को ठीक करता हूं. मैं हारमोनिका और विंड-चाइम की मरम्मत करता हूं. मैं चाकुओं और कैंची की धार तेज करता हूं.
मैं कुत्तों के लिए रोलर-स्केट्स और बिल्लियों के लिए चश्मा बनाता हूं."



"शायद वो आदमी मेरी कुछ मदद कर सके," सेनोरा अमेलिया ने सोचा.

फिर उन्होंने तुरंत उसे अपने पास बुलाया.

"मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ सेनोरा?" आदमी ने पूछा. "क्या आप एक गाने वाला चम्मच, एक चंद्र कैलेंडर, एक चॉकलेट रॉकिंग चेयर...?"

"नहीं, नहीं," सेनोरा अमेलिया ने उसे रोकते हुए कहा. "मुझे चाहिए ... अपनी मुर्गी के लिए एक साइकिल."

"उम्म ... हम्म," वो आदमी बड़बड़ाया. "वो काफी कठिन काम है. उसके लिए मुझे माप लेना होगा. मुझे उसके पैरों की लंबाई और उसके पंखों की लम्बाई जानने की जरूरत होगी."





सभी मापों को लिखने और जटिल सूत्रों पर काम करने के बाद, उस आदमी ने घोषणा की कि रोसौरा के जन्मदिन पर वो साइकिल तैयार करके लाएगा.

सेनोरा अमेलिया को दिन अंतहीन लगे.

अंत में, एक सुबह उनके दरवाजे पर दस्तक हुई. सेनोरा अमेलिया ने बाहर झाँका. . . और उन्होंने बाहर रोसौरा के लिए अद्भुत साइकिल देखी!

उन्होंने साइकिल को एक बड़े बक्से में रखा और उसके चारों ओर एक चमकदार लाल रिबन बांधा, रोसौरा के जन्मदिन के दिन के लिए . .

खैर, रोसौरा उस भेंट से बहुत खुश हुई. अब वो हर सुबह सेनोरा अमेलिया के लिए दूध और डबलरोटी खरीदने के लिए किराने की दुकान पर जाती है.

इसलिए, यदि आप कभी वेनेज़ुएला शहर की यात्रा करें, तो आप निश्चित रूप से रोसौरा को अपनी साइकिल पर तेज़ गति से दौड़ते हुए देखेंगे. लेकिन . . .ज़रा सावधान रहें! वो अजीब आदमी साइकिल में ब्रेक फिट करना भूल गया था!

अंत